# UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY,

## HARIDWAR 249 402, UTTARAKHAND

...........................................................................................................

## NOTES

ON

# 'English Communication'

(A Compulsory Subject Under AECC as directed by UGC)

## FOR THE STUDENTS OF

## Shastri (B.A.) Honours
## First Semester (All Subjects)

...........................................................................................................

Compiled by
Dr. Shweta Awasthi
Faculty of Modern Studies, Uttarakhand Sanskrit University, Haridwar

NOTES
ENGLISH COMMUNICATION
(A COMPULSORY SUBJECT UNDER AECC)
FOR SHASTRI (B.A.) HONOURS FIRST SEMESTER
(ALL SUBJECTS)



# MODALS

There are two classes (दो प्रकार) of verbs
(I) Ordinary / Regular Verbs
(II) Auxiliary Verbs
Auxiliary Verbs are of two kinds: दो प्रकार
(a) Primary Auxiliary: Be, Do, Have
(b) Modal Auxiliary : May, Might, Should, Must Will etc.

Modal Auxiliary :-
यह verb (क्रिया) का प्रयोग Speaker (वक्ता) के Mood या attitude को अभिव्यक्त करने के लिए होता है।
FOR EXAMPLE:

(I) You should regularly go for a morning walk.
तुम्हे नियमित रूप से सुबह सैर पर जाना चाहिए।

(II) Rita must attend tomorrow's meeting.
रीता को कल की मीटिंग में हिस्सा लेना चाहिए।

(III) May I listen to music?
क्या मैं संगीत सुन सकता हूं।

(IV) You can read the book.
तुम पुस्तक पढ़ सकते हो।

(V) Could you lift the bar please?
क्या तुम बार को उठा सकते हो

(vi) May I leave now?
क्या मैं अब जा सकता हूँ।

सामान्यतः प्रयोग में लाये जाने वाले Modals.
Can, Could, May, Might
Should Would, Must Ought to
Am/Was to Have/Had to, Used to Need
Dare Shall/Will

All these modals suggest:
यह सारे Modals अभिव्यक्त करते है-
(A) Permission (आज्ञा) (B) Ability (क्षमता) (C) Possibility (सम्भावना)
(D) Suggestion (सलाह) (E) Promise (वचन) (F) Intention (इरादा)
(G) Request (विनती) (H) Necessity (आवश्यकता) (I) Prohibition (मनाही)
(J) Wish (इच्छा) (K) Duty (कर्तव्य)

Different Uses of Modals:
Modals के विभिन्न प्रयोग:
1. MAY & MIGHT का प्रयोग निम्न प्रकार होता है-
(A) Possibility (सम्भावना)
(i) It may / might rain.
वर्षा हो सकती है।
(ii) He may / might come for dinner.
वह रात्रि भोजन के लिए आ सकता है।
(iii) Saumya said that she might go there.
सौम्या ने कहा कि वह वहाँ जा सकती है।

(B) Permission (आज्ञा)

(i) May I come in?
क्या मैं आ सकता हूँ।

(ii) Yes, You may come in.
हाँ तुम आ सकते हो।

(iii) May I go out?
क्या मैं बाहर जा सकता हूँ।

(C) Wish or Prayer: प्रार्थना

(i) May God bless You!
भगवान आपका भला करे।

(ii) May you live long!
आप चिरायु हो।

(iii) May you attain all the happiness of the world.
आप को संसार की सारी खुशियाँ प्राप्त हो।

(D) Purpose लक्ष्य

(i) She works hard so that she may pass.
वह मेहनत करती है जिससे वह पास हो सके।

(ii) She came here so that she might see me.
वह यहाँ आयी जिससे कि वह मुझसे मिल सके।

(iii) She runs daily so that she can win the race.
वह रोज दौड़ती है जिससे कि वह रेस जीत सके।

(E) Remote Possibility:
Might का प्रयोग May के स्थान पर remote possibility (कम सम्भावना) को अभिव्यक्त करने हेतु होता है।

(i) It might rain. (वर्षा हो सकती है।)
(ii) He might be sleeping now. (वह अभी सोया हो सकता है।)

2. CAN & COULD का प्रयोग इन्हें अभिव्यक्त करने हेतु होता है:-

(A) Ability (Present, Past, Future) क्षमता (वर्तमान, भूत, भविष्यकाल)
(i) She can write English well. (is able to)
वह अंग्रेजी अच्छी तरह लिख सकती है। (कर सकती है।)
(ii) Rohan could swim well. (is able to)
रोहन तैर सकता है।
(iii) She will be able to walk. (future of can)
वह चल सकेगी।

(B) Polite Request:
(i) Could you please recite a poem for me?
क्या तुम मेरे लिए कविता का पाठ करोगे।
(ii) Could you please help me?
क्या आप मेरी सहायता करेंगे।
* (would का प्रयोग भी request के लिए होता है।)

(C) Permission / Order
(i) Yes, You can go now.
हाँ, अब तुम जा सकते हो।
(ii) You can live with me.
तुम मेरे साथ रह सकते हो।
* (यहाँ 'can' 'may' का alternative है।)

(D) Prohibition / Offer
(i) You cannot enter the room. (Prohibition) निषेध
(ii) Can I get you some tea. (Offer) प्रस्ताव
तुम कमरे में ~~अंदर~~ नहीं जा सकते।
क्या मैं तुम्हारे लिए चाय लाऊँ।

(E) Possibility :

(I) Who is she with him?
She could be his wife.
यह उसके साथ कौन है?
वह उसकी पत्नी हो सकती है।

(II) How old is she?
She could be sixteen.
वह कितनी बड़ी है?
वह सोलह वर्ष की हो सकती है।

(F) Could + Have इस form का प्रयोग भूतकाल में किसी क्षमता को बताने के लिए होता है यह बताते हुए कि काम नहीं सम्पन्न हुआ।

(I) I could have caught him red handed.
मैं उसे रंगे हाथों पकड़ सकता था। (पकड़ा नहीं)

(II) I could have met him.
मैं उससे मिल सकता था। (मिला नहीं)

* इन दोनो ही वाक्यों में कार्य नहीं हुआ।

SHOULD : इस प्रयोग निम्नवत है –

(A) Duty / Obligation
(I) You should stand by your father.
तुम्हें अपने पिता का साथ देना चाहिए।

(II) He should study now.
उसे अब पढ़ना चाहिए।

(B) Future in the Past.
(I) I told him that I should go there.
मैंने उसे बताया था कि मुझे वहाँ जाना चाहिए।

(II) Did not I tell you that he would come?
क्या मैंने तुम्हें नहीं बताया था कि वह आएगा।

(C) PURPOSE :-
Study attentively lest you should fail.
ध्यानपूर्वक पढ़ो अन्यथा तुम फेल हो जाओगे।

(D) CONDITION:-
Should you work hard, you will attain success.
यदि तुम परिश्रम करोगे तो तुम्हें सफलता मिलेगी।
* (यहाँ should का प्रयोग 'if' के sense में हुआ है)

(E) Should + Have
इस form का प्रयोग भूतकाल की किसी प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त (express) करने के लिए होता है जबकि कार्य न हुआ हो।
(i) You should have stood by your father.
तुम्हें अपने पिता का साथ देना चाहिए था।
(ii) He should have left the message.
उसे सन्देश छोड़ना चाहिए था।

MUST :- it is used to express—
(A) Necessity or Obligation:- (in place of should)
(i) You must work hard.
तुम्हें परिश्रम करना चाहिए।
(ii) You must listen to your mother.
तुम्हें अपनी माँ की बात सुननी चाहिए।
(B) Order of the Speaker:
You must not go out.
तुम्हें बाहर नहीं जाना चाहिए।
You must not talk in the class.
तुम्हें कक्षा में बात नहीं करनी चाहिए।

(C) STRONG POSSIBILITY :- तीव्र सम्भावना (in place of may)

(i) It is ten. The teacher must be in the class.
दस बज गए है अध्यापक कक्षा में जरूर होंगे।

(ii) She must be sleeping now.
वह अभी अवश्य ही सो रही होगी।

(D) Determination :-
I must help him.
मुझे उसकी सहायता करनी चाहिए।

(E) Deduction, Inference

(i) He has a big house. He must be rich.
उसके पास बड़ा घर है। वह धनवान होगा।

(ii) She has a good voice. She must be a good singer.
उसकी आवाज अच्छी है। वह अच्छी गायिका होगी।

(F) Must + Have : यह भूतकाल ~~में~~ ~~पर~~ के (action) जो किया नहीं गया का बोध कराता है। For Example :-
You must have followed instructions.
तुम्हे नियमो का पालन करना चाहिए था।
You must have helped him.
तुम्हे उसकी सहायता करनी चाहिए। था।

Ought to :- It expresses :-

(A) Duty or Moral Obligation: इसका प्रयोग प्राय: 'should' & 'must' के लिए होता है जब नैतिक प्रतिबद्धता का कठोरता से बोध कराना हो।

(i) You ought to serve your motherland.
तुम्हें अवश्य ही अपनी मातृभूमि की सेवा करनी चाहिए।

(ii) You ought to take care of your health.
तुम्हे अपने स्वास्थ्य की चिन्ता करनी चाहिए।

(B) Ought to + Have: इसका प्रयोग भूतकाल के ऐसे कार्य को बताने के लिए होता है जो सम्पन्न नहीं हुआ।
(i) You ought to have taken care of your uncle.
तुम्हे अपने चाचा का ध्यान रखना चाहिए था।
(ii) You ought not to have troubled your father.
तुम्हे अपने पिता को परेशान नहीं करना चाहिए था।

To be + infinitive : This expression is used to:
(A) EXPRESS Plan:-
(i) I am to make a speech tomorrow.
मैं कल एक भाषण देने वाला हूँ।
(ii) She was to leave for Calcutta tomorrow.
वह कल कोलकता के लिए निकलने वाली थी।
(B) Express Order: ('Must' के 'sense' में)
(i) Students are to wait outside.
विद्यार्थियो को बाहर प्रतीक्षा करनी है।
(ii) You are to remain in the house till we return.
तुम्हे हमारे वापस आने तक घर पर रहना होगा।
(C) Obligation / Duty:
I am to help my ailing mother.
मुझे अपनी बीमार माँ की सहायता करनी है।
I am to wait for my sister.
मुझे अपनी बहन की प्रतीक्षा करनी है।
(D) To be + have इसका प्रयोग ऐसे action के लिए होता है जो सम्पन्न नहीं हो सका।
He was to have attended marriage but fell ill.
उसे विवाह में जाना था पर वह बीमार हो गया।

To Have + Infinitive :- यह (अनिवार्यता) दर्शाने के लिए किया जाता है। यह प्रतिबद्धता भी दर्शाता है।
( In the present, past and future)

(i) I have to leave for Delhi today.
मुझे आज दिल्ली जाना है।

(ii) I don't have to meet him now.
मुझे अभी उससे नहीं मिलना है।

(iii) I had to leave for Delhi yesterday.
मुझे कल दिल्ली जाना था।

(iv) I will have to leave for Delhi tomorrow.
मुझे कल दिल्ली जाना होगा।

USED TO : Would - इनका प्रयोग

(A) Habitual Action (स्वाभाविक कार्य) or the Past Routine of the subject पूर्व में कर्ता के Routine को दिखाता है:-

(i) He used to play cricket earlier.
वह पहले क्रिकेट खेला करता था।

(ii) He would come in the evening.
वह शाम को आएगा।

(B) To denote discontinued action:
She used to sing before marriage.
वह शादी के पूर्व गाया करती थी।

(C) 'Used to' का प्रयोग Adjective (विशेषण) की तरह भी होता है। वह 'accustomed to' के समान है as-

(i) He is used to getting up early.
वह जल्दी उठने का आदि है।

I was used to driving through crowded streets.
मुझे भीड़-भाड़ वाली सड़क पर गाड़ी चलाने की आदत है।

Would का प्रयोग निम्नप्रकार से होता है।

(I) Would you please help me? (polite request)
क्या आप मेरी सहायता करेंगे।

(II) She told me that she would give me money.
उसने कहा कि वह मुझे पैसे देगी। (future in the past)

(III) I would / should like to play now. (wish)
मैं अभी खेलना चाहूँगा।

(IV) I would be glad to help you. (wish)
मैं खुशी से आपकी सहायता करूँगा।

(V) I would rather stay. (wish)
मैं रुकना चाहूँगी।

(VI) Who is she? She would be his mother. (possibly she is)

(VII) He would go to Delhi by car. (Habitual)
वह कार से दिल्ली जाएगा।

Need & Need Not: Auxiliary verb के रूप में इसका प्रयोग नकारात्मक तथा प्रश्नवाचक अर्थ में किया जाता है (Direct Infinitive) के साथ. इसमें Past tense नहीं होता।

Need not का प्रयोग उस क्रिया के लिए होता है जो आवश्यक न हो - FOR EXAMPLE:

(I) He needs to work hard. (Ordinary Verb)
उसे परिश्रम करने की आवश्यकता है।

(II) Need I write to him. (Auxiliary Verb)
क्या मुझे उसे लिखने की आवश्यकता है

(III) He need not go there again. (Auxiliary Verb)
उसे दोबारा वहाँ जाने की आवश्यकता नहीं है।

(iv) Do you need to work now? (Ordinary Verb)
क्या तुम्हे अभी काम करने की आवश्यकता है।

(v) Rohit need not phone her now. (Auxiliary Verb)
रोहित को उसे फोन करने की आवश्यकता नहीं है।

(B) Need not + have का प्रयोग उस क्रिया के लिए होता है जो अनावश्यक होने पर भी किया गया हो।

You need not have gone there.
तुम्हे वहाँ नहीं जाना चाहिए था। (फिर भी वह गया)

DARE – इसका प्रयोग Auxiliary Verb एवं Ordinary Verb दोनो तरह से सम्पन्न होता है Auxiliary के रूप में इसका प्रयोग नकारात्मक एवं प्रश्नवाचक रूप मे होता है।

(i) I dare to go outside now. (Courage Ordinary Verb)
मुझमे बाहर जाने की हिम्मत है।

(ii) Dare he say so? (Auxiliary Verb)
क्या उसमे ऐसा बोलना का साहस है।

(iii) I dare say she will cheat you.
मुझे लगता है कि वह तुम्हे धोखा देगी।